<u>प्रेस नोट दिनाँक 11.01.2025</u>
<u>थाना फरीदपुर जनपद बरेली</u>

<u>थाना फरीदपुर, बरेली पुलिस द्वारा ग्राम पचौमी में हुई साधु की हत्या की घटना सफल अनावरण करते हुए अभि0 को गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार अभियुक्त की निशादेही पर मृतक का झोला व चिमटा बरामद</u>

थाना फरीदपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 28/25 धारा 103(1) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त अमित गिरि उम्र करीब 25 वर्ष पुत्र श्री ओमवीर गौड़ नि0ग्रा0 रम्पुरिया थाना फरीदपुर बरेली हाल निवासी काली माता मन्दिर पचौमी फरीदपुर बरेली को पचौमी मोड़ के पास हाईवे के किनारे से गिरफ्तार किया गया तथा अभि0 की निशादेही पर अभि0 के कमरे में रखे कबाड़ से मृतक का झोला, चिमटा व मृतक का आधार कार्ड आदि सामान बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>घटना एवं पूछताछ का संक्षिप्त विवरण</u> – दिनांक 09.01.25 को वादी मुकदमा अमित गिरि उम्र करीब 25 वर्ष पुत्र श्री ओमवीर गौड़ नि0ग्रा0 रम्पुरिया थाना फरीदपुर बरेली हाल निवासी काली माता मन्दिर पचौमी फरीदपुर बरेली द्वारा काली माता मन्दिर प्रांगण ग्राम पचौमी में साधू शिवचन्द्र गिरि की डण्डे व ईटों से पीटकर की गयी हत्या के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 28/25 धारा 103(1) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत कराया गया था। जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक फरीदपुर द्वारा ग्रहण कर सम्पादित की गयी। अब तक की विवेचना से परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर प्रकाश में आये अभि0 स्वयं मुकदमा वादी अमित गिरि उपरोक्त से पूछताछ की गयी तो अभि0 द्वारा साधु शिवचन्द्र गिरि का पूरा नाम शिवशरण कोरी पुत्र जागेश्वर प्रसाद कोरी नि0 वार्ड नं0 08 गुढ़, रिवा (मध्य प्रदेश) बताते हुए हत्या की घटना के जुर्म का इकबाल करते हुए बताया गया कि साधु शिवचन्द्र गिरि ने दिनांक 08.01.25 की शाम करीब 05.00 बजे पंचेश्वर नाथ मन्दिर में मेरे सामने मेरे गुरू को अभद्र भाषा का प्रयोग किया था, जिसे मेरे द्वारा पीटकर भगा दिया गया था। साधु शिवचन्द्र गिरि मेरे गुरू जी से दीक्षा लेकर यहीं रहना चाहता था। यदि मैं उसकी हत्या न करता तो वह मेरे गुरू श्री रामगिरी महाराज से दीक्षा लेकर काली माता मन्दिर पर अधिकार जमा लेता और मुझे वापस पंचेश्वर नाथ मन्दिर पर रहना पड़ता। वर्तमान में काली माता मन्दिर की देखभाल व व्यवस्था मेरे द्वारा की जा रही है। मैंने मृतक शिवचन्द्र गिरि का झोला, चिमटा व आधार कार्ड आदि सामान उसकी हत्या करने के बाद अपने कमरे में रखे कबाड़ में छिपा दिया था। जिससे कोई मृतक साधु शिवचन्द्र गिरि का नाम पता न जान पाये।

<u>अभि0 की निशादेही पर बरामदगी का विवरण</u>

01 झोला रंग बिरंगा,01 चिमटा लोहा, 01 कैंची लोहा, 02 अदद चाबिया, 01 बॉल पैन, 01 अदद नोट 20 रूपये, 01 नोट 10 रूपये, 01 आधार कार्ड, 01 आधार कार्ड पंजीकर/सुधार फार्म, 04 बीड़ी टूटी हुई, 02 पासपोर्ट साईज फोटो, 01 सोल्जर गोल्ड देशी शराब का खाली ट्रैटा पैक

<u>मृतक का वास्तविक नाम पता</u>

साधु शिवचन्द्र गिरि उर्फ शिवशरण कोरी पुत्र जागेश्वर प्रसाद कोरी नि0 वार्ड नं0 08 गुढ़, रिवा (मध्य प्रदेश) जन्मतिथि 01.01.1986

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः</u>

अमित गिरि उम्र करीब 25 वर्ष पुत्र श्री ओमवीर गौड़ नि0ग्रा0 रम्पुरिया थाना फरीदपुर बरेली हाल निवासी काली माता मन्दिर पचोमी फरीदपुर बरेली

<u>गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम</u>

1. प्रभारी निरीक्षक श्री हरेन्द्र सिंह थाना फरीदपुर, बरेली
2. व0उ0नि0 श्री सतेन्द्र चौहान थाना फरीदपुर, बरेली
3. हे0का0 860 गोलई यादव थाना फरीदपुर, बरेली
4. का0 3811 नीटू मलिक